# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/प्रशा/स्था/2024/8469

दिनांक: 08.07.2024

//विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजन की भर्ती हेतु विज्ञापन//

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र. एफ-08-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 30.06.2014 के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के पद की पूर्ति वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। विज्ञापित पदों हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक स्वयं अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर 474011 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, दिव्यांगजन की श्रेणी, निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है :-

## तृतीय श्रेणी

| क्र | पदनाम | पद की संख्या | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रलपाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड-03 | 02 | 01 | | | 01 | 19500-62000 |
| 2 | आशुलिपिक/शीघ्रलेखक | 01 | | | 01 | | 28700-91300 |
| 3 | सब-ऑवरसियर/उपयंत्री | 01 | | 01 | | | 36000-114800 |
| | कुल योग | 04 | | | | | |

## चतुर्थ श्रेणी

| क्र. | पदनाम | पद की संख्या | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रलपाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैब अटेन्डेन्ट | 01 | | | 01 | | 19500-62000 |
| 2 | चौकीदार | 01 | | 01 | | | 15500-49000 |
| 3 | भृत्य | 01 | 01 | | | | 15500-49000 |
| | कुल पद | 03 | | | | | |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

| क्र | पद का नाम | अनिवार्य शैक्षणिक, योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागातर्गत आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा सी.पी.सी.टी. का वैद्य प्रमाणपत्र। |
| 2 | आशुलिपिक शीघ्रलेखक | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था / परिषद् से 100 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीण प्रमाण–पत्र<br>3. मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागातर्गत आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा सी.पी.सी.टी. का वैद्य प्रमाणपत्र एवं म0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर जारी योग्यता मापदण्ड मान्य होगे। |
| 3 | सब–ऑवरसियर / उपयत्री | मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा समकक्ष उपाधि |
| 4 | लैब अटेन्डेन्ट | मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) (विज्ञान संकाय) में परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 5 | भृत्य / चौकीदार | आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल / स्थाई निवासी होना अनिवार्य है एवं प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्राति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा एवं न ही इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य किया जावेगा तथा डाक में हुए विलंब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।
3. वॉक इन इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां लाना अनिवार्य है। साथ ही सभी प्रमाण पत्रों की दो स्व–सत्यापित छायाप्रति लाना आवश्यक है। तथा आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो भी संलग्न करें।
4. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी अथवा स्व–सत्यापित करना अनिवार्य है।
5. आवेदक की आयु न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है।) यह गणना दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में की जावेगी।
6. आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. शासन द्वारा जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यागंजन होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है। (अभ्यर्थी के चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराया जावेगा। इसके साथ ही मूक बाधिर श्रेणी के दिव्यांगजनों के लिये कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व मेडीकल परीक्षण में बेरा टेस्ट भी अनिवार्य रूप से कराया जाना आवश्यक होगा)

**नोट:– भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 05.05.2021 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार दिनांक 01.06.2021 समस्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र केवल यू.डी.आई.डी. पोर्टल नामतः https://www.swavlamban.gov.in के माध्यम से नियमानुसार जारी किये गये डिजिटल प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।**

8. आवेदकों का सभी अर्हताए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है।
9. यदि आवेदनकर्ता किसी शासकीय संस्था / निगम / मंडल / निकाय में कार्यरत है तो उन्हें आवेदन हेतु कार्यालय प्रमुख से जारी अनापत्ति प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य है अथवा आवेदन कर्यालय प्रमुख के माध्यम से अग्रेषित होना चाहिये।
10. यदि भर्ती प्रकिया में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो केवल विश्वविद्यालय के बेवसाइट www.jiwajiedu.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा। इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जाएगी।

11. उक्त विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को दिनांक 13.07 024 तक अवगत करावें। इसके पश्चात् आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।

12. आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jiwajiedu.in पर उपलब्ध है, जहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन विश्वविद्यालय के आवक शाखा में दिनांक 15.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक स्वयं अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर 474011 के नाम से संबोधित कर जमा किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

13. दिव्यांगजन विज्ञापन में उल्लेखित अपनी श्रेणी में ही आवेदन करें। अन्य श्रेणी में आवेदन करने पर उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

14. आवेदन पूर्ण भरकर आवेदन लिफाफे पर स्पष्ट रूप से जिस पद एवं श्रेणी में आवेदन किया है उसका उल्लेख करें।

15. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्ध .नेयुक्ति हो जाने पर नियुक्तिकर्त्ता प्रधिकारी द्वारा बिना किसी भी पूर्व सूचना के किसी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

16. यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक पदों पर आवेदन किया जाता है, तो पृथक–पृथक आवेदक प्रेषित किया जावे।

17. पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी एवं नियुक्ति संबंधी समस्त अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेंगे।

18. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार माननीय उच्च न्यायालय, ग्वालियर रहेगा।

कुलसचिव
**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## दिव्यांगजन के लिए आवेदन पत्र प्रारूप

प्रति,

कुलसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
मध्यप्रदेश
पिनः–474011

................................................................ पद के लिए आवेदन पत्र (आवेदित पद का नाम)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक / आवेदिका नाम (हिन्दी में) | |
| 2. | आवेदक / आवेदिका का नाम (अंग्रेजी के बड़े / केपिटल) | |
| 3. | लिंग–पुरूष / महिला / अन्य | |
| 4. | पिता / पति का नाम<br>माता का नाम | |
| 5. | वर्तमान निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 6. | स्थाई निवास का पूर्ण पता पिन कोड सहित | |
| 7. | मोबाईल न0 व्हाटसप न0 ई–मेल आई.डी | |
| 8. | जन्मतिथि (अंको में) (हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी) प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें। | |
| 9. | जन्मतिथि (शब्दों में) | |
| 10. | आयु ........................ (01.01.2024 की स्थिति में) | |
| 11. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी है? हॉ या नहीं (यदि हॉ तो मूल निवासी प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।) | |
| 12. | जन्म स्थान (ग्राम, शहर, जिला, राज्य का नाम लिखें।) | |
| 13. | क्या आवेदक मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लिये घोषित एवं मान्य अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है। यदि हॉ तो जाति व उपजाति का उल्लेख करें। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी डिजिटल वैद्य स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। अस्थायी जाति प्रमाण मान्य नहीं होगा।) | |
| 14. | 1. जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं दिनांक<br>2. यू.डी.आई.डी. पोर्टल द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं दिनांक | |
| 15. | दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत | |
| | विज्ञापन में उल्लेख अनुसार दिव्यांगता की श्रेणी | |
| 16. | रोजगार कार्यालय का नाम, जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक | |
| 17. | वैवाहिक स्थिति–<br>(अ) क्या आप विवाहित है–हॉ / नहीं | |
| | (ब) यदि हॉ तो विवाह की तिथि | |
| | (स) विवाह के समय आयु | |
| | (द) जीवित बच्चों की संख्या | |
| | (ई) अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक | |
| | (फ) 26 जनवरी 2001 के बाद जन्में बच्चों की संख्या<br>**(यदि जुड़वा संतान हो तो स्पष्ट उल्लेख करें।)** | |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्ता, शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा अवधि का पूर्ण विवरण प्रमाण–पत्र सहित संलग्न करे।<br>यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत् है तो उसका नाम एवं पता<br>(अ) वर्तमान धारित पद का नाम<br>(ब) वर्तमान पद को वेतनमान जिस पर कार्यरत है (छठवां एवं सातवां जो भी लागू हो)<br>यदि आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/निगम/मंडल में कार्यरत् है तो नियोक्ता से आवेदन अग्रेषित करवा–कर प्रस्तुत करें। | |
| 19. | 1. क्या आवेदक को किसी आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है? हॉ/नहीं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुये न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें। | |
| | 2. क्या आवेदक को महिलाओं के विरूद्ध न्यायालय द्वारा किसी अपराध का सिद्ध दोषी ठहराया गया है? हॉ/नहीं, यदि हॉ तो पूर्ण विवरण अंकित करते हुए न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करें। | |

| 20. | शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (अंकसूचियों, प्रमाण–पत्रों की एवं डिग्री की स्व प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करें।) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण है? हॉं/नहीं, यदि हॉं तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | | | | | | |
| सी.पी.सी.टी. स्कोर बोर्ड में कम्प्यूटर दक्षता और हिन्दी टायपिंग उत्तीर्ण है? हॉं/नहीं, यदि हॉं तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | | | | | | |

स्थानः–.......................................

दिनांकः–.....................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

## //स्व–घोषणा//

मैं ...............................................पुत्र/पुत्री...............................................उम्र....................वर्ष...................... निवासी .......................... जिला...........................मध्यप्रदेश एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य है। मैंने उसमे कुछ भी छिपाया नहीं है। मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है, आवेदित पद पर मेरा चयन एवं चयन पश्चात् नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभ वापस लिये जा सकते है।

स्थानः–.......................................

दिनांकः–.....................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम